हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025


तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री


14 राजस्व पखवाड़े के लिए तिथि एवं स्थल निर्धारित





14 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर गिरी गाज पुलिस...






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

**शुभारंभ :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग लोगों को प्रदान करता निःशुल्क सहयोग

# सिमगा में खुला जिले का पहला अपराध एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



आज सिमगा में राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार ब्यूरो कार्यालय का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह बलौदाबाजार जिले में पहला कार्यालय खुला है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष घासी भारद्वाज, प्रादेशिक सचिव संजीव कुमार, जिलाध्यक्ष व संभागीय जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव सिमगा अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, अजय मसीह, नंद कुमार चेलक सहित जिले के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि भाटिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में हमें जो मौलिक अधिकार दिए गए हैं उन अधिकारों का यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा हनन किया जाता है तो ऐसे लोगों को न्याय व अधिकार दिलाने का कम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्था की शाखा आज सिमगा में खुल रहा है, यह हम सभी के लिए बड़ी बात है। पालिका अध्यक्ष भाटिया ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधे कार्यालय से संपर्क कर अपने हक एवं अधिकारों की रक्षा कर सकता है। जिला अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने कहा कि हमारी संस्था दिल्ली से संचालित है, जो ऐसे लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ती है, जिनका कही न कहीं अधिकारों का हनन हो रहा है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को लिखित में हमारे कार्यालय में शिकायत करनी होगी। इसके पश्चात संबंधित व्यक्ति को उनका हक व अधिकार दिलाने का काम हमारा रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान 10 मामले उनके पास आये थे, जिसमें संबंधित व्यक्ति को न्याय दिलाया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग लोगों को निःशुल्क सहयोग प्रदान करता है। कार्यक्रम को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। साथ ही बलौदाबाजार, भाटापारा व सुहेला, तिल्दा नेवरा, खरोरा के ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ गौरी खान, मुबारक हुसैन, दिलीप कोसले सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। अंत में हरदीप सिंह भाटिया एवं सुरेन्द्र यादव दोनों का आज जन्मदिन अवसर पर केक काटा गया।

# संयंत्र से की प्लेट की चोरी, दो युवक गिरफ्तार, बोलेरो जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सीमेंट संयंत्र से एल्युमिनियम की प्लेट चोरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्ज से चोरी की गई प्लेट भी जब्त की है।

सोमवार को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी ड्यूटी संयंत्र के मेन गेट पार्किंग पर थी। इस दौरान उसने देखा कि प्लांट के अंदर से आरोपी छत्रपाल द्वारा बोलेरो वाहन क्र. सीजी 04 पीएल 7775 में बोलेरो के बोनट के अंदर छुपा कर एल्युमिनियम का एसएस प्लेट करीबन 25–30 किलोग्राम कीमत लगभग 5 हजार को चोरी कर ले जा रहा है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी छत्रपाल को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन में लिया। आरोपी द्वारा बताया गया की चोरी का एसएस एल्युमिनियम प्लेट को बोलेरो के बोनट अंदर भरकर सुपरवाइजर मोदस्सर हुसैन द्वारा अपने घर में लाने कहने पर उसके द्वारा बोलेरो के बोनट अंदर भरकर एल्युमिनियम को चोरी कर ले जा रहा था, तभी गेट में सिक्योरिटी गार्ड द्वारा चेक करने पर पकड़ लिया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का एल्युमिनियम का एसएस प्लेट, घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त किया गया है। मंगलवार को आरोपी छत्रपाल निराला 27 वर्ष निवासी ग्राम बेलमुडी थाना बिलाईगढ़ तथा मुदस्सर हुसैन 29 वर्ष निवासी नैनाघाट थाना सदर दरभंगा जिला दरभंगा बिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# पंचमी पर मां दुर्गा का हुआ विशेष श्रृंगार



**हिरमी-रावन।** चैत्र नवरात पंचमी पर बुधवार सुबह सोलह श्रृंगार कर जगदम्बे मां को सजाया गया। देवी मां को विभिन्न श्रृंगार साज साधनों से विधि पूर्वक शक्ति स्वरूपा को सजाया गया। मंदिरों में इस भी भक्तगणों ने आस्था के ज्योत जलाकर माता के सम्मुख अपनी श्रद्धाभक्ति प्रकट की है।

जानकारी के अनुसार महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर में घी व तेल ज्योत प्रज्वलित किये गए हैं।इसी तरह ग्रामीण अंचल में विराजित देवी मंदिरों में भी भक्तों ने मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर जनकल्याण की कामना की है। नवरात्रि में सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व है। इस दिन मां को 16 श्रृंगार चढ़ाया जाता है। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि नवरात्रि का पांचवा दिन माता स्कंदमाता के पूजन से जुड़ा है। इस दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है।नवरात्रि में देवी मां के दरबार को आकर्षक झालरों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जो लोगों को आकर्षित कर रहा है। यह शक्ति की आराधना का पर्व 6 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन रविवार को अवकाश होने के कारण मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा।

■ देवी मंदिरों में मां के भजनों की धुम, लाइटिंग से सजाये गए देवालय

## पेट पर कलश रख रेवती ने जलाई आस्था की ज्योत



बलौदाबाजार। चैत्र नवरात्रि पर ग्राम पंचायत सकरी में फेकर परिवार की एक महिला श्रद्धालु ने बिना किसी मनोकामना एवं पति के सहमति से अपने पेट पर ज्योति कलश की स्थापना की है।

ग्राम सकरी निवासी, मां दुर्गा के प्रति आस्था रखने वाली रेवती फेकर के पति राहुल फेकर ने बताया कि बिना किसी मनोकामना के पूर्व में ही उनकी पत्नी रेवती द्वारा अपने पेट के ऊपर ज्योति कलश स्थापना करने की इच्छा जाहिर की थी, किंतु मेरी सहमति नही होने पर पिछले वर्ष ज्योति कलश स्थाना नहीं की थी। इस वर्ष पुनः पेट पर रखकर ज्योति कलश स्थापना करने की इच्छा जाहिर करते हुए सहमति एवं सहयोग मांगी, इस बात पर मैं तैयार हो गई। राहुल ने बताया कि मेरी पत्नी चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने के बाद से आज तक पानी भी नहीं पी है। गिला कपड़े के माध्यम से महज होट को गिला करते हैं। रेवती द्वारा पेट पर जलाई गई ज्योति कलश को देखने गांव की महिलाओं की भीड़ लगी रहती है तथा मां दुर्गा के प्रति उसकी आस्था व श्रद्धा को देख आंखे नम भी हो जाती है।

# राज्यपाल रमेन डेका का जिला प्रवास आज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 3 अप्रैल को जिला बलौदाबाजार के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान राज्यपाल डेका एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत संयुक्त जिला कार्यलय परिसर बलौदाबाजार में पौधारोपण करेंगे। इसके पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका 3 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे राजभवन रायपुर से सड़क मार्ग से बलौदाबाजार के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल डेका प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचेंगे एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत संयुक्त जिला कार्यलय परिसर बलौदाबाजार में पौधारोपण करेंगे। इसके पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। राज्यपाल डेका प्रवास के दौरान केंद्र सरकार की योजना के क्रियान्वयन का अवलोकन भी करेंगे। इसके बाद वे अपरान्ह 2 बजे मुंगेली जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।






# बाजार में पहुंचने लगे आम, बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही फलों के राजा आम की बहार भी आ गई है। आम जो न केवल स्वाद में लाजवाब होता है, बल्कि पोषण से भरपूर भी होता है। अब बाजारों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।



आम के विभिन्न प्रकार जैसे दशहरी, लंगड़ा, सफेदा, तोतापुरी और अल्फांसो धीरे–धीरे मंडियों में पहुंच रहे हैं। पहली तस्वीर में आम के पेड़ पर लदे कच्चे हरे आम दिखाई दे रहे हैं, जो जल्द ही पककर बाजार में बिकने के लिए तैयार होंगे। वहीं दूसरी तस्वीर में ताजे तोड़े गए कच्चे आमों को प्लास्टिक की टोकरी में इकट्ठा किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बाजारों में आम की आवक शुरू हो चुकी है। शिक्षक दीलेश्वर ने बताया कि आम न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई प्रकार के पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। देशभर में आम का व्यापार तेजी पकड़ रहा है और इस वर्ष आम की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। किसान और व्यापारी इस मौसम से काफी उत्साहित हैं, क्योंकि आम की मांग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बनी रहती है। यदि मौसम अनुकूल रहा, तो इस वर्ष आम की कीमतें स्थिर रह सकती हैं, जिससे आम प्रेमियों को स्वादिष्ट और रसीले आमों का भरपूर आनंद लेने का मौका मिलेगा।





# 253 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा तड़के सुबह एक साथ ग्राम रामपुर एवं धनगांव में दबिश दी। इस दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बनाते एवं बिक्री करते हुए 2 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 50 हजार 600 रूपये कीमत मूल्य का 253 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। साथ ही प्रकरण में अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 2 नग गैस सिलेंडर, 2 नग गैस चूल्हा एवं बड़े बर्तन आदि भी जब्त किए गए। आरोपी रवि डहरिया 32 साल निवासी ग्राम रामपुर थाना पलारी तथा सहोद्रा बाई 25 साल निवासी ग्राम धनगांव के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

**मेडिकल सहित अन्य भत्ता का भुगतान चेक से होगा**

# मुख्यमंत्री, मंत्री सहित विधायकों को वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल सहित सभी विधायकों के वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन कर दिया गया है। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से इन सभी माननीयों को उनके वेतन उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे।

इससे पहले इन सभी को चेक के माध्यम से वेतन का भुगतान किया जाता था, लेकिन नए वित्तीय वर्ष में वेतन का भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है। वेतन को छोड़कर निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, बीमारी सहित अन्य भत्ता का भुगतान ऑफलाइन यानी चेक से ही किया जाएगा। इसे ऑनलाइन नहीं किया गया है। ट्रेजरी विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के समस्त विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को उनके पद के अनुसार दिए जाने वाला मासिक वेतन का भुगतान एक अप्रैल से ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके तहत अब मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों को वेतन उनके द्वारा खुलवाए गए संबंधित जिले के बैंक खाते में ट्रेजरी विभाग के माध्यम से संबंधित बैंक से ट्रांसफर होगा।

सूत्रों का यह भी कहना है कि वेतन के अलावा दूसरे सभी प्रकार के भुगतान ऑफलाइन यानी चेक के माध्यम से ही होंगे। इसमें बीमारी भत्ता, निर्वाचित क्षेत्र भत्ता सहित अन्य शामिल है।



### मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सहित कुछ मंत्रियों के खाते भी रायपुर में

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कुछ पूर्व नए एवं पूर्व मंत्रियों व विधायकों के खाते भी रायपुर में ही खुले हुए हैं। इन सभी को मिलने वाला मासिक वेतन का भुगतान ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से होगा।

### इस तरह से होगा भुगतान

अभी तक ट्रेजरी विभाग से संबंधित बैंक के माध्यम से माननीयों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था। नई व्यवस्था से अब चेक के स्थान पर सीधे बैंक से उनके खातों में वेतन ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए ट्रेजरी विभाग ने संबंधित बैंक को उनके बैंक खाता नंबर से लेकर वेतन संबंधित सभी जानकारी का परीक्षण कर सूची भिजवा दी गई है।

### तय तारीख को ट्रांसफर होगी राशि, समय भी बचेगा

चेक से भुगतान होने के बाद माननीयों के बैंक खाते में वेतन की राशि आने में लगभग दो दिन से लेकर सप्ताहभर तक का समय लग जाता था। बैंक से डायरेक्ट उनके खाते में वेतन की राशि हर महीने तय तारीख को ट्रांसफर हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी और उनको भी वेतन जल्द और समय पर मिलेगा।

---

## खबर संक्षेप

### पांच आईएफएस पीसीसीएफ के पद पर पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन ने पांच अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भारतीय वन सेवा) को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के तौर पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में कौशलेन्द्र कुमार, आलोक कटियार, अरुण कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार मिश्रा और प्रेम कुमार शामिल हैं।

### ई-वे बिल की सीमा 1 लाख तक बढ़ी, पेट्रोल हुआ सस्ता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों और मध्यवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए दो अहम निर्णय लागू किए हैं, जो आज से प्रभावी हो चुके हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशानिर्देश पर इन निर्णयों को बजट में शामिल किया गया था। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई-वे बिल की सीमा रुपए 50,000 से बढ़ाकर रुपए 1 लाख कर दी है। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से व्यापारियों को रुपए 1 लाख तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में अब ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी। निर्णय से राज्य में ई-वे बिल जनरेट करने वाले लगभग 26 प्रतिशत व्यापारियों को ई-वे बिल जनरेट करने से मुक्ति मिलेगी। निर्णय से ई-वे बिल जनरेशन में 54 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे अनुपालन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### उत्कल दिवस पर भिड़े भाजपा नेता, समाज के उत्थान से ज्यादा वर्चस्व पर ध्यान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में उत्कल समाज के बहुत सारे लोग निवास करते हैं। यहां पर वर्षों से समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। समाज के लोग इस दिन को विशेष रूप सेलिब्रेट करते हैं। इसी क्रम में बीटीआई मैदान पर भाजपा महामंत्री ने एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के संबंध में क्षेत्रीय विधायक को जानकारी हुई, तो उन्होंने कहा, मेरे क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है और मुझे ही जानकारी नहीं दी गई। भाजपा संगठन के प्रदेश मंत्री ने दो टूक कह दिया कि हर कार्यक्रम की सूचना देना जरूरी नहीं है।

---

### विभागों ने बजट का 33.86 प्रतिशत राशि नहीं किया खर्च

# बीते साल के बजट का ऐसा हाल, किसी ने आधा भी खर्च नहीं किया, किसी ने बचाए 300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि खास

- कुल आवंटित बजट का 66.14 प्रतिशत रुपए खर्च

बीते वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ शासन के विभागों को दिए गए कुल बजट में से विभाग केवल 33.86 प्रतिशत ही खर्च कर पाए। वहीं कई विभागों ने कुल आवंटित बजट में से आधा भी खर्च नहीं किया। कई विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने पूरे बजट का उपयोग करते हुए उससे अधिक खर्च किया। कुछ विभागों की बचत राशि 100 से 300 रुपए तक ही रही। अधिकतर विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने एक तिहाई बजट भी खर्च नहीं किया। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद शासन की वेबसाइट पर विभागीय बजट आवंटन और वितरण के आंकड़े जारी किए गए हैं। जारी आंकड़े में विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक किए गए खर्च और बचत राशि का विवरण दिया गया है। सभी विभागों के हेड वाइस जारी खर्चों को देखें, तो पता चलात है कि राज्य शासन ने 1 लाख 88 हजार 465 करोड़ 29 लाख को बजट जारी किया था। बजट में से विभागों को 1 लाख 40 हजार 783 करोड़ 40 लाख 30 हजार 24 रुपए वितरण किया गया। जारी की गई राशि में से 47 हजार 681 करोड़ 85 लाख 69 हजार 985 रुपए खर्च नहीं कर पाए। अर्थात विभागों ने केवल 66.14 प्रतिशत राशि का ही उपयोग किया।



### इनका प्रदर्शन रहा अच्छा

जारी आंकड़ों को देखा जाए, तो विभागों के हेड वाइस बजट आवंटन में ऊर्जा विभाग के सचिव को आवंटित 11 हजार 184 करोड़ 79 लाख रुपए से अधिक के आवंटन में शत प्रतिशत खर्च किया गया। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को आवंटित 3006 करोड़ 41 लाख से अधिक के आवंटन में से मात्र 300 रुपए ही शेष हैं। वहीं संचालक पर्यटन विभाग को आवंटित 315 करोड़ 54 लाख से अधिक के आवंटित बजट में से मात्र 100 रुपए शेष हैं। इन विभागों ने अपने बजट का पूरा उपयोग किया हैं।

### निर्माण विभागों ने किए 90 से 72 प्रतिशत खर्च

*लोक निर्माण विभाग को बजट में कुल 10 हजार 541 करोड़ 80 लाख का बजट आवंटन मिला। इसमें से 8 हजार 627 करोड़ 98 लाख रुपए खर्च कर पाया। विभाग 1 हजार 913 करोड़ 82 लाख रुपए खर्च नहीं कर पाया। विभाग ने 81 प्रतिशत बजट का उपयोग किया। मुख्य अभियंता जल संसाधन को कुल 3392 करोड़ 43 लाख से अधिक बजट दिया गया था। उसमें से 3072 करोड़ 79 लाख ही खर्च कर पाया, लगभग 319 करोड़ से अधिक राशि बच गई। यहां 90 प्रतिशत बजट का उपयोग किया गया। इसी प्रकार लो स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवंटित 5059 करोड़ 40 लाख रुपए से अधिक 3666 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च हुए 1392 करोड़ रुपए र्चा नहीं हो पाए। इस प्रकार विभाग में 72 प्रतिशत राशि का उपयोग किया गया।*

### इन विभागों में हुआ बजट से अधिक खर्च

जारी आंकड़े को विश्लनेषण करने पर यह पाया गया कि डेढ़ दर्जन विभाग ने विभिन्न मदों में कुल मिले बजट से अधिक राशि खर्च किया। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत प्रोटोकॉल अधिकारी को आवंटित 4 करोड़ 26 लाख 10 हजार से अधिक बजट में से 4 करोड़ 27 लाख से अधिक खर्च किया गया। सचिव लोक सेवा आयोग को 29 करोड़ 82 लाख का बजट आवंटन किया गया इनमें से 29 करोड़ 91 लाख रुपए खर्च होना बताया गया है। अन्य मद जिसमें बजट से अधिक खर्च किया गया उनमें सचिव राज्यपाल, डीजी प्रशासन अकादमी, सैनिक कल्याण, रजिस्टार फर्म एवं सोसाइटी, अधीक्षक स्टेट गैरेज, नियंत्रक नापतौल, नियंत्रक प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी, विमानन, और संचालक मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य विभाग के मद शामिल हैं।

### वन्य प्राणी संरक्षण में 62 करोड़ का उपयोग नहीं

जारी आंकड़े में खाद्य विभाग को 10 हजार 504 करोड़ से अधिक का बजट मिला, विभाग ने इसमें से 10 हजार 423 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 99 करोड़ 5 लाख का बजट आवंटन मिला इसमें से 74 करोड़ 7 लाख से अधिक खर्च किया गया। विभाग 24 करोड़ से अधिक राशि का उपयोग नहीं कर पाई। वन संरक्षक वन्य प्राणी के लिए आवंटित बजट 278 करोड़ से अधिक का था, इसमें से 215 करोड़ 48 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। करीब 62 करोड़ की राशि का उपयोग नहीं कर पाया।

---

**नया बजट लागू**

# वित्त ने विभागों को समझाया कैसे खर्च करनी है रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 एक अप्रैल से प्रभावशील हो गया है। वित्त विभाग ने इस बजट आवंटन की संसूचना देते हुए विभागों को समझाया है कि उनके विभाग के बजट में आवंटित राशि किस तरह खर्च करना है। वित्तीय वर्ष के 12 महीनों में पहले छह माह में कितनी राशि खर्च की जाएगी और बाद के छह महीनों में किस प्रकार बची राशि खर्च करना है।



### वित्त ने जारी किया ये निर्देश

वित्त विभाग ने विभागों को बताया है कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कुल बजट प्रावधान का 40 प्रतिशत खर्च करना होगा जिसमें पहली तिमाही में 25 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत राशि खर्च की जाएगी। दूसरी छमाही में कुल बजट प्रावधान का 60 प्रतिशत व्यय किया जाएगा। जिसमें से तृतीय तिमाही में 25 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 35 प्रतिशत खर्च किया जाएगा। जट आवंटन की सर्वर में 3 किस्तों में यानी पहली छमाही तथा द्वितीय छहमाही के लिए ही की जाएगी न कि प्रत्येक तिमाही के लिएष व्यय की सीमा तिमाही के लिए ही रहेगी और व्यय की मॉनिटरिंग वित्त विभाग द्वारा तिमाही के आधार पर की जाएगी।

### अंतिम माह मार्च में 15 प्रतिशत ही खर्च

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह यानी मार्च में व्यय की अधिकतम सीमा कुल बजट प्रावधान का 15 प्रतिशत तक होगी। पहली छमाही में निर्धारित सीमा से कम व्यय करने की स्थिति में बचत राशि 50 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में व्यय के लिए अग्रेषित (कैरी फारवर्ड) की जा सकेगी, जिसका उपयोग तृतीय तिमाही में करना अनिवार्य होगा। इसके लिए विभागों निर्धारित सीमा से कम व्यय का औचित्य स्पष्ट करते हुए वित्त विभाग से सहमति प्राप्त करनी होगी। बचत की शेष राशि आवश्यकता के आधार पर अन्य विभागों को आवंटित की जाएगी।

### केंद्रीय योजनाओं पर ये लागू नहीं होगा

वित्त विभाग ने बताया है कि कतिपय केंद्रीय योजनाओं में अंतिम किस्त मार्च के महीने में प्राप्त होती है। इसीलिए ऐसे प्रकरणों में वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में व्यय के लिए निर्धारित सीमा लागू नहीं होती।

---

# कुर्मी समाज का जनजागरण और सद्भावना बाइक रैली 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 79वां महाधिवेशन आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए रायपुर नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को मोवा परिक्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 10 अप्रैल को जनजागरण एवं सद्भावना बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली मोवा से निकलकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी। रैली में समाज के वर्तमान एवं पूर्व पार्षद सहित एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 13 अप्रैल को शुभारंभ कलश यात्रा से होगा, जिसमें 500 कलश के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल इंडोर स्टेडियम रायपुर तक कलश यात्रा पहुंचेगी। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवा एवं महिला सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह, समाज के विभिन्न प्रकार के नियमों में संशोधन, सामाजिक जागरण, अतिथियों का मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंपी गई है।



# नामदेव समाज विकास परिषद की बैठक 10 को, महापौर होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री नामदेव समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय प्रांतीय पदाधिकारियों एवं समस्त जिलों की निर्वाचित, मनोनीत पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 10 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूरे प्रदेश के सभी वरिष्ठ समाजसेवी समाज की एकता, समन्वय स्थापित करते हुए समाज की प्रगति और कल्याण के विषय में चिंतन करेंगे। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे का समाज द्वारा अभिनंदन करने के लिए उन्हें मंगलवार को निवेदन पत्र दिया, जिसे महापौर ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की। बैठक में समाज के अध्यक्ष और योगाचार्य केएल नामदेव, जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद नामदेव, प्रांतीय सचिव अनिल बरोलिया, प्रांतीय महामंत्री धर्मेश नामदेव, जिला सचिव महेंद्र नामदेव, अविनाश नामदेव, नितिन नामदेव, नितिन नामदेव, मनीष नामदेव, महेंद्र नामदेव, प्रफुल्ल नामदेव, हृदयेश वर्मा, अमितेश नामदेव, चेतन नामदेव, निखिल बरोलिया, प्रीति नामदेव, भारती वर्मा, रश्मि नामदेव, डिंपल नामदेव, प्रीति, मनीष नामदेव एवं समाज के युवा उपस्थित थे।

# मंडल, जिलों के बाद ही बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बूथों, मंडलों, जिलों से लेकर प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अब कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ हो गई है। पहले चरण में मंडलों में कार्यकारिणी बनाई जा रही है। इसके बाद जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नई टीम का गठन होगा। अंत में प्रदेश संगठन की नई टीम बनेगी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का कहना है, मंडल और जिलों के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। नई कार्यकारिणी में जो भी बदलाव जरूरी होगा किया जाएगा। मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी बदलाव होगा।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। जिलों में कार्यकारिणी बनने के बाद प्रदेश की टीम बनाई जाएगी।

### होंगे कई बदलाव

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

---

### निर्माण कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन

# नक्सल प्रभावित जिलों में जिला निर्माण समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्माण समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समिति के माध्यम से रूपये 10 करोड़ तक का कार्य कराया जा सकेगा। इसी तारतम्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला निर्माण समिति के गठन के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है। यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर रहेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे।

### *सक्षम तकनीकी अधिकारी करेंगे पर्यवेक्षण*

*निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं को स्वीकार करने से पहले दरों की उचितता के बारे में खुद को संतुष्ट करेगा। दरों की उचितता का आंकलन मुख्य रूप से उचित दरों के आधार पर किया जाएगा, निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं पर निर्णय लेते समय पिछले तीन महीनों की अवधि के भीतर बुलाए गए कार्यों की समान प्रकृति की निविदाओं की दरों का उल्लेख कर सकता है। समान कार्यों का अर्थ है प्रकृति, मात्रा, विनिर्देशों और स्थान में समान कार्य, जो बहुत करीब है।*

### कार्य क्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा कार्यक्षेत्र

कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे अत्यावश्यक तथा अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जायेगा। स्थानीय निधि जैसे की डीएमएफ/सीएसआर इत्यादि मद से कराए जाने वाले कार्यों में भी सर्वप्रथम कार्य एजेंसी जैसे की पीडब्लूडी/ आरईएस/पीएमजीएसवाई इत्यादि को ही क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया चाहिए ना की जिला निर्माण एजेंसी को। इन एजेंसी के द्वारा अगर कार्य निष्पादन नहीं हो पाता है, लगातार 3 बार निविदा में कोई भाग नहीं लेता है तब वैसी परिस्थिति में ही कार्य स्थानीय निधि से जो कराए जाने है, में जिला निर्माण एजेंसी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया जा सकता है।

---

**भूपेश ने कहा, कांग्रेस सरकार के समय नक्सली घटनाओं में आई थी 80 प्रतिशत कमी**

# साय सरकार ने किया प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय को अंधेरे में रखकर कोरबा में विद्युत मंडल के 1320 मेगावाट के दो संयंत्रो का शिलान्यास करवाया। दोनों पावर प्लांट का शिलान्यास कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। उस समय भूमि पूजन के पहले केंद्र की अनुमति ली थी, टेंडर हुआ था। फिर से उसी का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी से करवा कर प्रधानमंत्री जैसे पद की गरिमा को गिराने वाला काम साय सरकार ने किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने जिन तीन लाख आवासों की चाबी सौंपने का काम किया, उसकी पहली किस्त भी हमारी सरकार ने डाली थी। फिर इनका अपना क्या काम था? 18 लाख आवास की बातें करते हैं, लेकिन अभी तक नया कोई मकान स्वीकृत नहीं किया है। नक्सलवाद पर पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुये उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन काल के 5 सालो में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत कमी आई थी। 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त हुये थे, दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये, वहां पर रोजगार के साधन पैदा किए। सड़क बनाई, अबूझमाड में तीन पुल बनाये, अस्पताल, स्कूल बनाये, जिसके कारण लोगों का भरोसा हमने जीता था।



**हर विधानसभा में शराब की 8 दुकानें** - उन्होंने कहा, सरकार शराब सस्ती कर लोगों को शराबी बना रही। नई 67 दुकानें खोल रहे, जबकि ज्यादा दुकानें हैं। अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी बेच रहे। जहां देशी शराब दुकान थी, वहां अंग्रेजी शराब बेचना शुरू कर दिये। प्रीमियम के लिये अलग दुकानें खोली जा रही हैं। 700 का डबल मतलब 1400 और 66 दुकान खोली जा रही हैं। एक ही विधानसभा में 8 दुकान खोली जा रही है। शराब दुकान 2 किलोमीटर के अंदर खोली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर दी गई ससम्मान विदाई

महासमुंद। जल संसाधन कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग महासमुंद के सहायक वर्ग-02 सुरेश कुमार क्षेत्रपाल को सेवानिवृत्त होने पर साल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर एके खरे कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, जीपी पाटिल अनुविभागीय अधिकारी कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग, एनके ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी कोडार नहर उपसंभाग, मुकेश कुमार चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी क्र. 01, टीपी वर्मा सेवानिवृत्त सहायक अभियंता, पीएल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर, ई. लक्ष्मी देवी, मोतीलाल मालेकर, तोशिबा दीवान, राहुल ठाकुर, ऋषभ चंद्राकर, एमएल ध्रुव, बीएस ठाकुर, बिहारी शर्मा, आरपी वर्मा, एलएन बघेल, सीतेश कुमार साहू, ममता चंद्राकर, यशवंत ठाकुर, हेमलाल साहू, शिवकुमार ध्रुव, विकांत पुरी गोस्वामी, आशीष चंद्राकर, भीखम कुमार चंद्राकर, ललित कुमार यादव, वेद प्रकाश सिन्हा, विक्की साहू, उमेश कुमार सिन्हा, भुनेश्वर यादव, वी प्रमिला राव, शीतल कन्नौजे, शोभा रामटेके, भारती चंद्राकर, द्रोपती वर्मा, रजवंतीन बाई साहू, तारकेश्वर साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, रामानंद निषाद, फुलसिंग यादव, मोहन लाल कन्नौजे, गोपाल ध्रुव, रामस्वरूप ध्रुव, चैतराम साहू, केके श्रीवास्तव, हरिराम नसीने, नरेंद्र महोबिया, मनराखन लाल ध्रुव, पुनीत राम साहू, संतुराम साहू, लच्छी राम साहू, नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## निधन

### डेविड वर्मा

**पलारी।** ग्राम रावन निवासी डेविड वर्मा का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे पूर्व भारतीय सैनिक नंद कुमार वर्मा व सावित्री, गायत्री के छोटे भाई और चंदन वर्मा के पिता थे।










### संवत्सरी : सुहेला में धूमधाम से मना हिंदू नववर्ष का पर्व

# हिन्दू नववर्ष पर बनाई रंगोली और जलाए गए दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला में हिंदू नववर्ष का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्रामवासियों ने मिलकर शोभायात्रा का आयोजन किया, जिसमें जयश्री राम के उद्घोष और भक्ति संगीत के साथ युवा बड़ी शामिल हुए। शोभायात्रा महामाया चौक से टिग़ड्डा चौक तक निकाली गई, जिसमें आतिशबाजी के साथ भव्य रैली निकाली गई। युवाओं ने भक्ति संगीत के साथ जयश्री राम के जयकारे लगाए और गाना गाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।


शाम के समय, सतबहिनिया दुर्गोत्सव समिति द्वारा महामाया चौक में 1001 दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे चौक पूरी तरह से दीपों से जगमगा उठा। इसके बाद भगवान श्रीराम की आरती, हनुमान चालीसा पाठ और भारत माता की आरती की गई। भारी उत्साह से आतिशबाजी किए गए, ग्रामवासियों के बीच खीर-पूरी का प्रसाद बांटा गया और एक दूसरे को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं।

टिग़ड्डा चौक में भक्ति महिला मंडली द्वारा कीर्तन पाठ किया गया, जिसमें भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के सामने आरती और हनुमान चालीसा पाठ किया गया। वहां 101 दीप जलाए गए। इस प्रकार ग्राम सुहेला के हर घर में एक दिव्य और भव्य वातावरण बना हुआ था।

ग्रामवासियों ने शाम को अपने घर के सामने चौक पुरकर, रंगोली बनाकर पांच दीप जलाए और अपने घरों में भगवान ध्वज लहराए। इस पर्व ने सभी को एक साथ आने और आनंदित होने का अद्भुत अवसर प्रदान किया।

ग्राम सुहेला के समस्त ग्रामवासियों ने हिंदू नववर्ष के इस पर्व को अत्यंत हर्ष और धूमधाम से मनाया।

## बगदई माता में 105 ज्योति प्रज्ज्वलित



**पलारी।** इन दिनों अंचल में चैत्र नवरात्रि की धूम है। प्रत्येक गांव में जंवारा और मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कर माता रानी की सेवा की जा रही है। पलारी स्थित बगदाई माता मंदिर में 105 ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसमे 102 तेल ज्योति कलश, 2 घृत ज्योति कलश 1 सरसो तेल ज्योति कलश मनोकामना ज्योत प्रज्वलित हो रही है।



## हिन्दू नववर्ष पर महिलाओं ने किया दीप दान

पलारी। विगत दिनों नगर में मातृशक्तियों ने हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हर्षोल्लाह से मनाया। गायत्री मंदिर परिसर में मातृशक्ति द्वारा रंगोली सजाकर दीपदान कर भारत माता की आरती की गई। वहीं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य पर माता का जसगीत एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा, चेट्रीचंड्र जयंती के प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व का वर्णन हेमलता कन्नौजे द्वारा किया गया। नंदनी चंद्राकर ने भारतीय नववर्ष एवं अंग्रेजी नववर्ष के बारे में वर्णन किया। विक्रम संवत के प्रारंभिक के इतिहास पर प्रकाश डाला, पतंजलि महिला योग समिति की जिला प्रभारी मीना साहू ने हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तारा देवी साहू, सीमा वर्मा प्रधानपाठीका कोममंदी, सरिता वर्मा, अरुंधति वर्मा शिक्षिका, राखी तिवारी, शालिनी साहू, चित्रलेखा मढ़रिया, खूमेश्वरी वर्मा, पूर्णिमा चंद्राकर, गोदावरी साहू, विभा चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, तनु साहू, अनीता साहू, उर्वशी चंद्राकर, दुर्गा वर्मा, अंकित कन्नौजे, हर्षिता, जयंत साहू, मोक्ष चंद्राकर, रोहक चंद्राकर, रोली चंद्राकर उपस्थित थे।

## पंचमी पर मां दुर्गा का हुआ विशेष श्रृंगार, स्कंदमाता की पूजा हुई



**खरोरा।** अंचल में शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि की धूम है। भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना एवं उपासना में लीन है। देर रात तक भक्त दर्शन–पूजन करने पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के सभी छोटे–बड़े देवी मंदिर आस्था की ज्योति से जगमगा रहे हैं। मंदिरों व घरों में शंख, घड़ियाल की धुन के बीच सुबह–शाम आरती हो रही है। भक्तों द्वारा देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। साथ ही घरों में भी जंवारा बोया गया है। शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि और मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। पंचमी तिथि के दिन माता का विशेष श्रृंगार किया गया। इस दिन स्कंदमाता की पूजा हुई। देवी मंदिरों में कलश चढ़ाकर देवी का पंचरंग श्रृंगार किया गया। उल्लेखनीय है कि पंचमी के दिन प्रधान कलश के ऊपर कांसे का लोटा रखकर ज्योति को ऊपर उठाया जाता है। इसे देवी का श्रृंगार माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता को माला, साड़ी, लाल चुनरी, ध्वजा, आभूषण आदि श्रृंगार सामाग्री भी चढ़ाए। नगर के प्रसिद्ध स्थल सिद्ध महामाया देवी की मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु सुबह से देर रात तक लाइन में लगाकर देवी मंदिर में पूजा आराधना कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे। ऐतिहासिक प्राचीन महत्व के सिद्ध महामाया मंदिर में दूर दराज क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। मान्यता है कि यहां पर मांगी गई मनौती पूर्ण होती है। वहीं सिद्ध महामाया मंदिर में 740 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। सिद्धपीठ महामाया मंदिर खरोरा, मां परमेश्वरी मंदिर केसला, मां शारदा मंदिर मुरा, राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर खरोरा, सिंगदुरिया मंदिर, बजरंगबली मंदिर मुरा सहित सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति जलाई गई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम सर्रा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्ण आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का गृह प्रवेश हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सर्रा की सरपंच नमिता वर्मा, रोजगार सहायक सेवक वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि भूषण वर्मा सहित ग्राम के पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान लाभार्थियों ने अपने नये आशियाने में प्रवेश कर खुशी जाहिर की और सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने योजना की उपलब्धियों और ग्रामीण विकास में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आवासीय सुविधा से जुड़े विभिन्न लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही, पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



# सनबाहली में सात दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन



**बसना।** एसएनबी क्रिकेट क्लब द्वारा समस्त ग्रामीणजनों के सहयोग से बड़ी हर्ष के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता 26 मार्च से 01 अप्रैल तक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चातुरी डिग्री लाल नंद (सरायपाली विधायक), नोविना अमृत लाल जगत (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), आनंद कोटवार (केलवार), केकती हरिश्चंद्र पटेल सरपंच, उसत टंडन उपसरपंच उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए समिति द्वारा एवं चैलेंज ट्रॉफी नरसिंह बरिहा द्वारा प्रतियोगिता में विजेता टीम ग्राम रायकोना को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार 10001 की राशि ग्राम पंचायत लोहंडीपुर के सरपंच केकती हरिश्चंद्र पटेल एवं ट्रॉफी प्रदीप जनरल स्टोर भंवरपुर द्वारा उपविजेता टीम ग्राम बोड़ा को दिया गया। तृतीय पुरस्कार की राशि 5001 रुपए कैलाश किराना स्टोर्स द्वारा एवं ट्रॉफी मुकेश पटेल उड़ेला द्वारा ग्राम धामनघुटकुरी के टीम को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार के रूप में ग्राम तरेकेला, झारउड़ेला एवं कुशभांठा के टीम को 2000 रुपए का सम्मान की राशि समिति द्वारा प्रदान किया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच रहे रायकोना के चांद को मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज रहे ग्राम बोड़ा के दीपक को मैडल एवं ट्रॉफी दीपक कुमार नेताम शीतलपुर द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य सहयोगी सिदार टेंट एंड डीजे (उड़ेला), कैलाश किराना स्टोर्स, हरकुमार पटेल (केलवार), शिवलाल नायक (जमीनीडीह), नंदकुमार चौधरी झारबंद, कल्पना नर्सिंग होम भंवरपुर प्रदीप जनरल स्टोर भंवरपुर, मुकेश पटेल( उड़ेला), ठंडाराम बरिहा सचिव (लोहड़ीपुर), दिलीप अजगल्ले (सरपंच चिपरिकोना), प्रीतम चतुर्वेदी, प्रदीप चंद्रवंशी (भूत पूर्व सरपंच चिपरिकोना), नंदकुमार सेन, रिखीराम टंडन (लोहड़ीपुर), रवि पटेल, कार्तिक राम (उड़ेला), राहुल हार्डवेयर (भंवरपुर), हीरालाल पटेल (उड़ेला), रघुदास (सनबहली), खूंटे डॉक्टर, डॉ. साहू (सनबहली), हेमलाल मुंडा, अमृत डीजे, घनश्याम सिदार, समस्त पंचगण शौकीलाल मुंडा, कांता सिदार, कलम सिंग भोई, सहयोगी शिक्षकगण-धोबालाल पटेल, पूर्व समन्वयक विजय चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, जगदीश मांझी, टिकेंद्र सिदार, डिजेंद्र कुर्रे -समन्वयक, शंकर सिदार, अनिल पटेल, डोसराम बसंत, चंद्रकिरण सिदार, शैलेष सिदार, राजेंद्र साव, डॉ महासिंह एवं समस्त खिलाड़ीगण समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास में पं. चक्रपाणि शुक्ला की रही महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार द्वारा पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय पं. चक्रपाणि शुक्ल की जयंती स्थानीय जनपद कार्यालय स्थापित उनके प्रतिमा स्थल पर मनाई गई।

- जिला मुख्यालय में मनाई गई पं. चक्रपाणि शुक्ला की जयंती

कार्यक्रम में उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई के क्षेत्र में किए गए कार्यों का स्मरण किया गया।

स्व. चक्रपाणि शुक्ल के जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा स्थानी जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र पूर्व जनपद अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष विक्रम गिरी रूपेश ठाकुर ने स्व. शुक्ला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री शुक्ला जनपद सभा के प्रथम अध्यक्ष रहे। उनके इस कार्यकाल में सारे 450 स्कूल 13 आयुर्वेदिक औषधालय 6 एलोपैथिक औषधालय तथा कई सड़कों का निर्माण हुआ, जो की बलौदाबाजार–भाटापारा से लेकर सरसीवा, पलारी, सिमगा तक की जनता को लाभ मिला। स्व. शुक्ला के विधायक कार्यकाल वर्ष 1952 से 1957 एवं 1957 से 1962 तक तथा राज्यसभा सदस्य वर्ष 1966 से 1970 एवं 1970 से 1976 तक शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, सिंचाई एवं सड़क निर्माण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए गए। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में इनकी महती भूमिका रही। कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल, उनके सुपौत्र विनम्र शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, पाषर्दगण सलमान शेख, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव, मनीष वर्मा, मनोज प्रजापति, अविनाश मिश्रा, अर्जुन सेन, देवेंद्र बंजारे, शाश्वत यादव, संदीप साहू, निलेश बंजारे ,आयुष भतपहरी, ईश्वर कुर्रे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# दवा के दामों में बढ़ोतरी और शराब जैसे जहर के दाम में कटौती, ऐसा है बीजेपी सरकार का सुशासन : कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि शराब दुकानों में बढ़ोतरी कर गांव-गांव शराब का कारोबार बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की मंशा को समझने की आवश्यकता है। शराब के दामों में भारी गिरावट करना प्रदेश को नशे की गिरफ्त में डुबाने जैसा निर्णय है। बीजेपी सरकार की सोच दर्शाती है कि स्कूलों में उपयोग होने वाली स्टेशनरी सामग्रियों में लगातार बढ़ोतरी करना और शराब जैसे जहर के दामों को कम करना छत्तीसगढ़ प्रदेश को नशे का आदि बनाने वाला कार्य है।

पूर्ण शराबबंदी का दावा करने वाली ये सरकार लगातार गांव-गांव में शराब का करोबार कर रही है, जिस गति से प्रदेश में शराब का कारोबार का विस्तार राज्य की सरकार कर रही है उस गति से अगर वह मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम करती तो प्रदेश की जनता का भला होता। शराब जैसे जहर का दाम कम कर आखिर सरकार किसको लाभ दिलाना चाहती है इस बात को प्रदेश की जनता को समझने की आवश्यकता है। आज लगातार शराब के नशे के चलते प्रदेश का माहौल बिगड़ता जा रहा। घर-घर शराब के नशे के चलते बर्बाद हो रहा है और ऐसे में शराब जैसे जहर के दामों को कम करना आखिर क्या संदेश देता है। चंद्राकर ने कहा कि जिस मोदी की गारंटी के खोखले वादों के दम पर सत्ता प्राप्त करने वाली यह सरकार को सिलेंडर के दामों की कमी याद नहीं आई। बेरोजगारी की मार झेलने वाले हजारों युवाओं को रोजगार देने की याद नहीं आई। स्कूलों में उपयोग होने वाली स्टेशनरी के दामों में कमी करने की याद नहीं आई, जो वादे सरकार ने प्रदेश की जनता से किए थे उसे पूरा करने के बजाए शराब के दाम में भारी कटौती करना यह संदेश देता है कि प्रदेश की युवा तरुनाई नशे में डूब जाए और सरकार से सवाल करना छोड़ दे। लेकिन प्रदेश का नौजवान आज सरकार की कथनी और करनी को समझ रहा है, वह देख रहा की कैसे एक सरकार जहर के कारोबार को तेजी से विकसित करने के लिए इसका विस्तार गांव गांव में दुकानें खुलवाकर गांव के शांत माहौल को अशांत करना चाह रही है। चंद्राकर ने कहा कि आज प्रदेश के युवाओं को बेहतर स्वस्थ और शिक्षा की आवश्यकता है न कि शराब दुकानों की। बेहतर शिक्षा संस्थान की अवश्यकता है, शिक्षा को सस्ती करने की दरकार है। सब जानते हुए भी शराब का कारोबार का विस्तार करना और इस जहर के दामों को घटाना सरकार की निम्न स्तर की सोच को स्पष्ट करता है। आज प्रदेश का विद्यार्थी और नौजवान सरकार की मंशा को समझ गया है।



- गांव–गांव में शराब का कारोबार बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की मंशा को समझने की जरूरत

## विधायक ने द्रौपती को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 27 गुड़रूपारा निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग द्रौपती कन्नौजे पति दाऊ लाल कन्नौजे ने विधायक महासमुंद को आवेदन प्रस्तुत कर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग की थी। उनकी इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निर्देशानुसार, आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने के पश्चात विधायक कार्यालय महासमुंद में द्रौपती कन्नौजे को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

## प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा जीवन में ही करनी चाहिए : मिथलेश

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के खल्लारी मंदिर परिसर में भागवत पुराण का चतुर्थ दिवस में पंडित मिथलेश कुमार तिवारी ने बताया कि कैसे मेरे राधवेंद्र ने अवतार लिया, मनु और सतरूपा ने भगवान नारायण की तपस्या की। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय प्रभु नारायण प्रकट हुए तो बोले कि आपसे सामान पुत्र चाहिए तो भगवान ने भी कहा दिया कि मेरे समान मैं कहां ढूंढने जाऊंगा। इसलिए मैं ही आपका पुत्र बन जाऊंगा। कथाकार ने बताया कि राम का जन्म रावण को मारने के लिए ही नहीं हुआ, अपितु ब्राह्मण गौ माता देवताओं संत साधुओं के हित व उनकी रक्षा के लिए हुआ। भगवान को अगर केवल रावण को ही मारना होता तो बैकुंठ में बैठे बैठे ही मार देते। राम अवतार में मेरे प्रभु ने ब्राह्मणों की सेवा, देवताओं की सेवा व संतों साधुओं की सेवा की, लेकिन गौ माता की सेवा नहीं कर पाए, इसलिए प्रभु ने गौ माता की सेवा के उद्देश्य से द्वापर में मेरे प्रभु ने कृष्ण अवतार लिया और खूब गौ माता की सेवा की।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य–डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## सिसदेवरी में अखंड नवधा रामायण 6 से



**पलारी।** ग्राम सिसदेवरी में अखंड नवधा रामायण रामनवमी के दिन 6 अप्रेल से प्रारंभ होगा, जो 15 अप्रेल तक जारी रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर होंगे। दीप प्रज्वलित पं. विष्णुधर दीवान द्वारा किया जाएगा। समिति के संचालक खेलन प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि रामायण समारोह में भाग लेने वाले मानस मंडलियों को सम्मान राशि व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। मानस प्रेमी, संत समाज अपनी भजन रामायण मंडली एवं इष्ट मित्रों के साथ पधारकर श्री रामचंद्र की अनंत महिमा कथा अमृत गाकर, सुनाकर एवं प्रवचन कर हमें कृतार्थ करें।

## कुएं में मिली महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी स्थित वार्ड 15 निवासी गंगा बाई यादव 62 वर्ष का शव कुंए मिला। गौरतलब हो कि मृतक गंगा बाई अपने घर में अकेली रहती थी। आसपास के लोगों के मुताबिक मृतक 3-4 दिन से घर में नहीं थी। घर पर ताला लगा हुआ था। लोगों ने समझा कि वह अपने परिचितों के यहां गई होंगी। उनके घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर खेत में बने कुंए में उनकी लाश देखी गई। लाश से बदबू आ रही थी, जिससे आने जाने वालों को इसका पता चला।



लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कुंए के पास से मृतक का चप्पल और गोबर बिनने का घमेला मिला, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह दोपहर में घर में ताला लगा कर गोबर बिनने निकली होंगी और हादसा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया और जांच में जुटी है।

### तैयारी : तीन पखवाड़े तक होंगे विशेष शिविरों का आयोजन, पहला पखवाड़ा 7 से 22 अप्रैल तक

# राजस्व पखवाड़े के लिए तिथि एवं स्थल निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में की जा रही है। राजस्व पखवाड़ा के तहत विशेष शिविर आयोजन हेतु तिथि व स्थल निर्धारित किया गया है, जिसमें जिले के 84 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों मे जिले के सभी 519 ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम शामिल होंगे। पहला पखवाड़ा 7 से 22 अप्रैल तक, दूसरा पखवाड़ा 13 मई से 27 मई तक एवं तीसरा पखवाड़ा 16 जून से 30 जून के मध्य में आयोजित होगा। इन शिविरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटाकन, फौती, खाता, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, नजूल भूमि का नवीनीकरण, डायवर्सन, भू-भाटक राजस्व, राजस्व संग्रह, वसूली के लंबित मामले एवं राजस्व विभाग से सम्बंधित अन्य मामलों का निराकरण समय - सीमा के भीतर करने के निर्देश कलेक्टर सोनी ने सभी राजस्व अधिकारियों को दिए हैं।

शिविर का आयोजन 7 अप्रैल, 13 मई एवं 16 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करमदा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापारा, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत फुण्डरडीह, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दामाखेड़ा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत जांगड़ा, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी(ब), तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बलौदा, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाखान में होगा। 8 अप्रैल, 14 मई एवं 17 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी, झोंका, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाडीह, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दातान प, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कडार, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत करहुल, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौद बड़े, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरछेडी, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत नरधा, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव। 9 अप्रैल, 15 मई एवं 18 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेडा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत चंगोरी, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवसुंदरा, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्तरेंगी, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत संजारीनवागांव, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत फरहदा, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरौद, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत बार में होगा। 11 अप्रैल, 16 मई एवं 19 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत मुडियाडीह, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत करदा, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरखी, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहरा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोदी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमसरा (ब) में होगा। 12 अप्रैल, 19 मई एवं 20 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाभदेर, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत पैजनी, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखली, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दरचुरा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमसरा (क), तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मटिया, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरपाली में होगा।




### 21 अप्रैल, 26 मई एवं 27 जून को लवन, पलारी व भाटापारा तहसील में

*इसी प्रकार 21 अप्रैल, 26 मई एवं 27 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत संकरी, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत चितावर,तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान-ख, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम कोदवा, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत केसवा,तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत बुड़गहन, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगी में होगा। 22 अप्रैल, 27 मई एवं 30 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भाठागांव, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत लाहोद, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेबंद, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवधा, तहसील , सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरमी में विशेष शिविरों का आयोजन होगा।*

### 15 अप्रैल, 20 मई और 23 जून को गिधौरी, सोनाखान, टुंडरा तहसील में

इसी प्रकार 15 अप्रैल, 20 मई एवं 23 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत बलौदाबाजार, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत डमरू, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा, तहसील सुहेला अंतर्गत सुहेला, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधौरी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदन में होगा। 16 अप्रैल, 21 मई एवं 24 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सुढ़ेली, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधपुरी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कचलोन, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर में होगा। 17 अप्रैल, 22 मई एवं 25 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चांपा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरा, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतरेंगी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत औरेठी, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत रावन, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत छरछेद, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (ज) में होगा। 19 अप्रैल, 23 मई एवं 26 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत परसापाली, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहांसी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत निपनिया, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कामता, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारी, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत झबड़ी में होगा।



# संविलियन के लिए आत्मानंद के संविदा शिक्षकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुड़पार-सरसीवां।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी ललित बर्मन, जिला अध्यक्ष कुलदीप खटर्जी और बिलासपुर संभाग उपाध्यक्ष शशांक दास के नेतृत्व में बिलाईगढ़ ब्लॉक में कार्यरत समस्त संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो सूत्रीय मांग- शिक्षा विभाग में संविलयन एवं वेतन वृद्धि को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बिलाईगढ़ को ज्ञापन देकर ध्यान आकर्षण कराया। संघ के सदस्यों ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 751 आत्मानंद विद्यालय संचालित है, जिसमें 12000 से अधिक संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश को सेवाएं देते हुए लगभग 4 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, लेकिन आज तक ना तो उनकी कभी वेतन वृद्धि हुई है और न ही अन्य कोई सुविधा का लाभ मिला है।

पूर्व शिक्षा मंत्री के द्वारा सदन में घोषणा किया गया था कि आत्मानंद विद्यालय का संचालन कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति को भंग करके शिक्षा विभाग में किया जाएगा, परंतु अभी तक शिक्षा विभाग में संविलयन नहीं किया गया है। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से सेजेस बिलाईगढ़ से विकास डहरिया, भगवतीचरण टंडन, हिरेंद्र लहरें, दुर्गेश टंडन, रेणुका देबनाथ, अजरानी भतपहरी, स्वाति देवांगन, सविता राठौर, दीपक पटेल, प्रवीण वर्मा , सेजेस सरसीवां से कुलदीप खटर्जी, सेजेस पवनी से हुलेश साहू, सीपी यादव और सेजेस परसापाली से गनराज लहरे शामिल रहे।

# कर्मचारी फोरम के पदाधिकारी शिक्षा सचिव से मिले और सौंपा ज्ञापन




**मुड़पार सरसीवां।** प्राचार्य पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर का पालन करने की मांग को लेकर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षक संवर्ग, व्याख्याता संवर्ग एवं कर्मचारियों, अधिकारियों के संयुक्त फोरम के पदाधिकारियों ने आरक्षण सहित पदोन्नति को लेकर फोरम के माध्यम से सचिव लोक सेवा आयोग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को लीगल अभ्यावेदन सहित संवैधानिक अधिकारों को लागू करने की मांग की है। फोरम ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमलसिंह परदेशी के समक्ष संवैधानिक प्रावधानों को प्रमुखता से रखकर आरक्षण रोस्टर पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 24 फरवरी के अनुसार अपना पक्ष रखते हुए रोस्टर का पालन करने की मांग की और कहा कि विभाग अनुसूचितजाति, जनजाति वर्ग के प्राचार्य पद में पदोन्नति में आरक्षण नीति का पालन नहीं करना अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के साथ अन्याय है। इनके संवैधानिक अधिकारो का हनन बताया। सचिव ने पीएससी से चर्चा कर इस मांग को पूरे करने का आश्वाशन दिया। लोक सेवा आयोग एवं लोक शिक्षण संचालनालय में भी अधिकारियों से इसके बारे में चर्चा की गई। इस दौरान सोशल जस्टिस लीगल फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ, अजाक्स संघ, क्रांतिकारी शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं राज्यभर से सैकड़ों की संख्या में व्याख्याता, हेड मास्टर, शिक्षक एवं कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी से पीछे हट रही राज्य सरकार : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने विधायक इन्द्र साव धरना स्थल पहुंचे। विधायक ने उनकी मांग को जायज बताते हुए कहा कि मोदी की गारंटी थी तो राज्य सरकार पंचायत सचिवों को धरना प्रदर्शन हड़ताल करने क्यों मजबूर कर रही है, जबकि पंचायत सचिव पंचायत के एक अभिन्न अंग है।

> ■ पंचायत सचिवों के धरना स्थल पहुंचे विधायक ने आंदोलन का किया समर्थन

पंचायत सचिव की हड़ताल में गांव का पूरा कार्य ठप पड़ गया है।

जनपद पंचायत कार्यालय के सम्मुख धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों की मांग को अब तक पूरा होने वाली मांग बताते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। वहीं भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताते हुए इसे अपने घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से स्थान दिया था। अब सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। श्री साव ने कहा कि सरकार को बने सवा साल से भी ज्यादा समय हो गया है। फिर भी राज्य सरकार अब तक सकारात्मक निर्णय नहीं कर पा रही है।विधायक इन्द्र साव ने कहा कि ग्रामीण जनता के पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने पंचायत सचिव इस शासन में शोषित और उपेक्षित है। पंचायत सचिवों का राज्य स्तरीय सम्मेलन में 7 जुलाई को इन्डोर स्टेडियम रायपुर में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ था, उस वक्त भी पंचायत सचिवों की शासकीयकरण करने समिति का गठन कर समिति की रिपोर्ट आने पर मांग पूरा करने की बात प्रदेश के मुखिया ने की थी, लेकिन 9 माह पूरा होने जा रहे हैं, लेकिन ना तो कोई रिपोर्ट का पता है और ना ही कोई घोषणा पूरी हुई।

विधायक साव ने कहा कि सचिवों की हड़ताल के चलते ग्रामीण अंचल में मूलभूत कार्य, निर्माण कार्य, पेंशन राशि, जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित वर्तमान में पेयजल की भारी समस्या से गांव-गांव के लोग व्याकुल और व्यथित है, लेकिन राज्य सरकार के कान में अब तक कोई जू नहीं रेंग रही है।

विधायक साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता से बड़े-बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्त करने के पश्चात प्रदेश भाजपा सरकार की कथनी और करनी का पर्दाफाश हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फ ठगने का काम की है। इसलिए किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोषित एवं परेशान है। पंचायत सचिव पंचायत में सरकार के प्रमुख अंग होते है, इसलिए इनकी जायज और बहुप्रतीक्षित मांग को राज्य सरकार अविलंब पूरा करें।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर गिरी गाज पुलिस ने 445 चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की। पुलिस ने चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 6 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा, जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर उनके वाहन जब्त किया गया। जब्त सभी 6 वाहनों को विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला बलौदाबाजार यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्ती से लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 में 1 अप्रैल तक की स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 445 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसमें न्यायालय द्वारा कुल 42 लाख 23 हजार रूपये का अर्थदंड दिया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यातायात के नियमों का पालन करें, किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।




# महिलाओं ने रखा व्रत और की गणगौर पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



इस वर्ष भी नगर में गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ की गई। शादीशुदा एवं कुमारी कन्याओं द्वारा गणगौर को पूरे धूमधाम के साथ मनाया। विदित हो कि यह पर्व प्रत्येक वर्ष होली के दिन से शुरू होकर चैत्र नवरात्रि के तीज तक मनाया जाता है। इसमें ईसर और गौरा माता की पूजा की जा रही है। इनको शिवजी और पार्वती का स्वरूप समझा जाता है। कुंवारी कन्या अच्छे वर के लिए और सुहागने अमर सुहाग के लिए ये पूजा और व्रत की। मारवाड़ी समुदाय में 16 दिनों की इस पूजा का विशेष महत्व होता हैं। शिव पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मांगी जाती है। खुशबू अग्रवाल ने बताया इस पर्व में शिव पार्वती के रूप में ईश्वर गौर की पूजा होली के दिन से शुरू होकर 16 दिन की गई। पूजा अमर सुहाग एवं परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए की गई। ईश्वर गौरव को बेटी दामाद के रूप में पूजा गया। इसमें माता जी का जंवारा भी बोया जाता है। अंतिम दिन गणगौर माता की बेटी की तरह धूमधाम से विदाई की जाती है। इस पूजा का उद्यापन भी नव विवाहित महिला करती है। इस पूजा में अधिक से अधिक संख्या में मारवाड़ी समाज खरोरा एवं रायपुर की महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

### सुनी गई सफाई मित्रों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

# मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे नपा उपाध्यक्ष व पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप नवदीप मानिकपुरी सहित पार्षद भानुप्रताप साहू, पुणेश्वर नाथ मिश्र, सुदंर साहू, नीरज साहू सहित संतोष भारती ने नगर के मणिकंचन केंद्र का आकष्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सफाई मित्रों सहित सुपरवाइजर से मुलाकात की। सफाई मित्रों ने मणिकंचन केंद्र में भीषण गर्मी के मद्देनजर कूलर, पंखा सहित सफाई मित्रों के लिए साड़ी, एप्रॉन, रबर दस्ताना, कपड़ा दस्ताना, रेनकोट, जूता मोजा सहित अन्य जरूरी सामानों की कमियों को जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। इस पर उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने जल्द ही उक्त समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा मणिकंचन केंद्र में मौजूद वर्मी कंपोस्ट सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिस पर सभी सफाई मित्रों ने सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक रूपरेखा बतायी। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने सफाई मित्रों से कहा कि नगर के सभी वार्डों में कचरा का क्लेक्शन सुबह समय पर हो, साथ ही इसका भुगतान भी सभी आमजनों से करें, इसके अलावा नगर के मुख्य चौक चौराहों पर गंदगी फैलाने पर लोगों को समझाइश देने की भी बात कही, जिस पर सभी सफाई मित्रों ने एक स्वर पर गंदगी के खिलाफ लोगों को समझाइश देने की बात कही।





online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411